आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर
दिनांक : 12.07.2024
समय : 0705
<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केन्द्रीय बजट से पहले कल नई दिल्ली में नीति आयोग के प्रमुख अर्थशास्त्रियों के साथ बैठक की।
- ज़िला मजिस्ट्रेट अर्जुन शर्मा ने गैर कानूनी जमावड़े को रोकने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता दो हजार तेईस की धारा एक सौ तिरसठ के तहत शहर के कुछ भागों में पांच या इससे अधिक लोगों के इकट्ठा होने पर प्रतिबंध लगा दिया है।
- केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में अब पूर्व अग्निवीरों की नियुक्ति की जाएगी।
- प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अजय बैरागी ने डिगलीपुर के लिए उचित मात्रा में जलयान और हेलीकॉप्टर सेवा उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है।
- मानसून पर्यटन उत्सव मनाए जाने के सिलसिले में आज रोड़–शो का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><>

संसद का बजट सत्र बाईस जुलाई को शुरू हो रहा है। तेईस जुलाई को वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन लोकसभा में वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस का केन्द्रीय बजट पेश करेंगी। नरेन्द्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का यह पहला बजट होगा। पिछले महीने संसद के दोनों सदनों के संयुक्त बैठक के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा था कि यह बजट सरकार की दूरगामी नीतियों और भविष्य के दृष्टिकोण का प्रभावी दस्तावेज होगा। उन्होंने कहा था कि महत्वपूर्ण आर्थिक और सामाजिक निर्णयों के साथ ही इस बजट में कई ऐतिहासिक कदम देखने को मिलेंगे। लोकसभा चुनावों के कारण इस वर्ष फरवरी में अंतरिम बजट पेश किया गया था।

<><><><><><><>

जी. बी. पंत अस्पताल में छः जुलाई को वी. विमला नामक एक युवती की मृत्यु के बाद लोगों द्वारा सड़कों पर विरोध प्रदर्शन और शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने और लोगों की सम्पति तथा उनकी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए दक्षिण अंडमान ज़िला प्रशासन द्वारा जरूरी कदम उठाया गया है। ज़िला मजिस्ट्रेट अर्जुन शर्मा ने आदेश जारी करते हुए गैर–कानूनी जमावड़े को

रोकने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता दो हजार तेईस की धारा एक सौ तिरसठ के तहत शहर के कुछ भागों में पांच या इससे अधिक लोगों के इकट्ठा होने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। कल से ये आदेश अगले आदेश तक जारी रहेगा। डेरीफार्म जंक्शन और इसके आस–पास के क्षेत्रों के अलावा जंगलीघाट जेट्टी क्षेत्र और वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा क्षेत्र में यहा आदेश लागू हो गया है। कार्यकारी मजिस्ट्रेट, पुलिस कर्मियों तथा ड्यूटी पर अन्य सरकारी कर्मचारियों पर यह आदेश लागू नहीं होगा। दक्षिण अंडमान के एस डी एम, पुलिस अधीक्षक और कार्यकारी मजिस्ट्रेट द्वारा इसका पालन किया जाएगा।

<><><><><><><>

केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में अब पूर्व अग्निवीरों की नियुक्ति की जाएगी। केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल– सी.आई.एस.एफ. की महानिदेशक नीना सिंह ने कल मीडिया को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सी.आई.एस.एफ. ने इस संबंध में सभी व्यवस्थाएं कर ली हैं। उन्होंने कहा कि इस तैयारी के अंतर्गत अग्निवीरों के लिए कॉस्टेबल पद की भर्ती में दस प्रतिशत पद अग्निवीरों के लिए आरक्षित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त उन्हें शारीरिक दक्षता परीक्षा में उन्हें छूट प्रदान की गई है साथ ही उन्हें आयु सीमा में भी छूट दी गई है। सीमा सुरक्षा बल के महानिदेशक नितिन अग्रवाल ने कहा कि इससे सभी बलों को फायदा होगा।

<><><><><><><>

नगरपालिका परिषद की ओर से कल स्वच्छता और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए नगरपालिका परिषद के सचिव अमित काले की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में परिषद की ओर से यह निर्णय लिया गया कि परिषद स्रोत पर अपशिष्ट पृथककरण के लिए घरों को सूचना पुस्तिका जारी करेगी, जिसका उद्देश्य उचित कचरा पृथककरण की सुविधा प्रदान करने के विषय में जानकारी देना और कचरा प्रबंधन की दक्षता को बढ़ाना है। इसके अलावा पी. बी. एम. सी. अपने सफाई मित्रों के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम का भी आयोजन कर रही है। पच्चीस जुलाई से अलगांव के नियमों का पूरी तरह से पालन करने पर ही कचरा संग्रहण किया जाएगा। नियमों का पालन न करने पर लोगों को दण्ड का सामना करना पडेगा। यह पहल स्वच्छ और टिकाउ वातावरण बनाए रखने के लिए पी. बी. एम. सी. प्रतिबद्धता पर जोर देती हैं।

<><><><><><><>

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अजय बैरागी ने डिगलीपुर के लिए उचित मात्रा में जलयान और हेलीकॉप्टर सेवा उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है। मुख्य सचिव को लिखे अपने पत्र में उन्होंने कहा कि इस तहसील की बड़ी जनसंख्या और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डिगलीपुर से पोर्ट ब्लेयर के जी बी पंत अस्पताल में रेफर किए जाने वाले मरीजों को ध्यान में रखते हुए ये व्यवस्था की जाए। सड़कों के माध्यम से पोर्ट ब्लेयर तक आने में फिलहाल लोगों को असुविधा हो रही है। इसे देखते हुए श्री बैरागी ने निर्धारित दिनों में सप्ताह में कम से कम दो बार जलयान सेवा उपलब्ध कराने और डिगलीपुर से इसके प्रस्थान समय को वर्तमान दिन में दो बजे के स्थान पर शाम पांच बजे करने का अनुरोध किया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने हेलीकॉप्टर सेवा को सप्ताह में तीन दिन सिर्फ रेफर किए जाने वाले मरीजों के लिए ही उपलब्ध कराने का भी अनुरोध किया।

<><><><><><><>

मानसून पर्यटन उत्सव मनाए जाने के सिलसिले में आज रोड–शो का आयोजन किया जाएगा। कल और चौदह जुलाई को शाम तीन बजे से रात्रि नौ बजे तक कार्वाइंस–कोव तट पर समारोह आयोजित किया जाएगा। हर वर्ष जुलाई के मध्य में मानसून पर्यटन उत्सव का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर जलक्रीड़ा गतिविधियों के अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि पर्यटक भी इसका आनन्द उठा सके।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए शिक्षकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। शिक्षक दिवस के अवसर पर पांच सितम्बर को राष्ट्रपति नई दिल्ली में ये पुरस्कार प्रदान करेंगी। इस पुरस्कार का उद्देश्य देश भर के शिक्षकों को उनके योगदान के लिए सम्मानित करना है, जिन्होंने न सिर्फ शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए अपने योगदान दिए हैं, बल्कि विद्यार्थियों के जीवन में भी सुधार लाए हैं। प्राथमिक, माध्यमिक और हायर सेकेण्डरी स्तर पर शिक्षकों की अभूतपूर्व सेवाओं को मान्यता देने के लिए ही ये पुरस्कार दिया जाता है। मान्यता प्राप्त प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च और उच्चतर स्कूलों, स्थानीय निकायों और निजी स्कूलों के शिक्षक इसके लिए योग्य माने गए हैं। सिर्फ नियमित शिक्षक और कम से कम दस वर्ष की सेवाएं दे चुके स्कूल प्रमुख ही इस पुरस्कार के लिए योग्य होंगे। राष्ट्रीय पुरस्कार शिक्षक पोर्टल के माध्यम से शिक्षकों को अपने आप ही ऑनलाइन आवेदन करना होगा। पन्द्रह जुलाई आवेदन करने की अंतिम तिथि है।

<><><><><><><>

नगरपालिका परिषद अपोलों अस्पताल गाराचरामा के सहयोग से ‘‘स्वच्छता अपनाओं बीमारी भगाओं’’ पहल के एक भाग के रूप में स्वच्छता कर्मियों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। अक्सर ऐसा देखा गया है कि स्वास्थ्य कर्मी चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में काम करते है। उन्हें देखते हुए पी बी एम सी उनके स्वास्थ्य और कल्याण को प्राथमिकता देते हुए तथा कार्यकर्ताओं के स्वास्थ्य और सुरक्षा को बढ़ावा देते हुए प्रत्येक रविवार और बुधवार को दोपहर बारह बजे से शाम पांच बजे तक अपोलो अस्पताल गाराचरामा में स्वच्छता कर्मियों की स्वास्थ्य की जांच की जाएगी। अधिक जानकारी के लिए स्वच्छताकर्मी क्षेत्र के स्वच्छता निरीक्षक से संपर्क कर सकते है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में सत्रह जुलाई को मुहर्रम मनाया जाएगा। द्वीपसमूह में चांद दिखाई देने के कारण हिलाल समिति की ओर से यह निर्णय लिया गया कि सोलह और सत्रह जुलाई को मुहर्रम के उपलक्ष्य मे उपवास रखा जाएगा।

<><><><><><><>